# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

## सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा), सत्र 2026–30 (सी0बी0सी0एस0) में नामांकन हेतु तृतीय चयन सूची के आधार पर नामांकन के उपरान्त रिक्त बचे सीटों पर (महाविद्यालय के अनुसार विषयवार रिक्त सीटों की सूची विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध है) ***ऑनलाईन ऑन–स्पॉट*** नामांकन हेतु निम्न व्यवस्था का प्रावधान किया गया है:–

1. इस प्रक्रिया में अभ्यर्थी अधिकतम दो महाविद्यालयों का चयन करेंगे।
2. पूर्व आवेदित अनामांकित सभी अभ्यर्थी ऑनलाईन ऑन–स्पॉट नामांकन हेतु ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर ***दिनांक– 07.09.2026 से 09.09.2026 तक*** ऑनलाईन महाविद्यालय का चयन कर सकते हैं। नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर अपना ***एक या दो*** महाविद्यालय का विकल्प ऑनलाईन ही चयन करेंगे। इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। ***नामांकन के इच्छुक सभी अनामांकित अभ्यर्थी को महाविद्यालय का चयन करना अनिवार्य होगा।*** पूर्व चयनित एम0 जे0 सी0 (MJC) विषय में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा।
3. आवेदन से बंचित अभ्यर्थियों के लिये आवेदन करने का पुनः एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। नामांकन के इच्छुक अभ्यर्थी जो अभी तक आवेदन न कर सके हों वैसे अभ्यर्थी ***दिनांक– 07.09.2026 से 09.09.2026 तक*** विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर निर्धारित शुल्क (700/– रू0) के साथ **अधिकतम दो महाविद्यालयों** का चयन कर आवेदन कर सकते हैं।

   आवेदन करने के क्रम में अभ्यर्थियों को निदेशित किया जाता है कि सभी जानकारी यथा– लिंग, प्राप्तांक, केटेगरी इत्यादि सावधानीपूर्वक भरें, क्योंकि जाँचोपरान्त गलत पाये जाने पर अभ्यर्थी का आवेदन वगैर पूर्व जानकारी के निरस्त कर दी जायेगी।
4. इस चक्र में भी ऑन–स्पॉट नामांकन मेधा के अनुसार ही सम्पन्न होगी साथ हीं नामांकन की यह प्रक्रिया अंतिम है।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।**

05/9/26

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण

5/9/26